# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की मूर्ति का किया अनावरण। कहा– डबल इंजन की सरकार अयोध्या के सम्मान को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिये लगातार प्रयासरत।
- प्रदेश सरकार सभी जिलों में अगले एक साल में लगाएगी एक लाख बहत्तर हजार से अधिक आरोग्य मेले।
- दसवें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर प्रदेश भर में आयोजित हुए कार्यक्रम। सम्मानित किये गये बुनकर।
- प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों में मनायी जायेगी काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ। साल भर आयोजित होंगे कार्यक्रम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की इक्कीसवीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के परम भक्त ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास का पूरा जीवन राम जन्मभूमि के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार अयोध्या के सम्मान को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिये लगातार प्रयासरत है। पांच–सात वर्ष बाद अयोध्या आने वाले लोग यहां के विकास को देखकर अचंभित हैं।

***जो लोग 5 साल, 7 साल बाद अयोध्या आये है आज वो अयोध्या आकर के अंचम्भित होते है। अयोध्या आ करके उन्हें लगता है कि वास्तव में हम एक नई जगह आये हैं। अयोध्या में पहले एयरपोर्ट नहीं था, अब एयरपोर्ट की सुविधा है, इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात अयोध्या को मिली है। देश और दुनिया से अयोध्या धाम की कनेक्टिविटी बढ़ी है, रेलवे की बेहतरीन सुविधाएं अब प्राप्त हुई है। रामजी की पैड़ी का सुन्दरीकरण का कार्य हुआ है। पुरातत्व विभाग के मठ और मंदिरों के सुन्दरीकरण और उनके साथ उन्हें जोड़ने की कार्रवाई को तेजी के साथ एक नई गति मिली है।***

**********

प्रदेश सरकार सभी पचहत्तर जिलों में अगले एक साल में एक लाख बहत्तर हजार से अधिक आरोग्य मेलों का आयोजन करेगी। यह मेले अगस्त दो हजार चौबीस से जुलाई दो हजार पच्चीस के बीच प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार सुबह दस बजे से दो बजे तक आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग हर माह तेरह से सोलह हजार आरोग्य मेलों का आयोजन करेगा।

**********

प्रदेश में कल दसवां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। इसी क्रम में कानपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने बुनकरों को सम्मानित किया। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से आयोजित बुनकर जागरूकता एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री सचान ने कहा कि बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं चल रही है। उन्होंने बुनकरों के परंपरागत उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेशवासियों से ज्यादा से ज्यादा इन उत्पादों को खरीदने की अपील की। इसी क्रम में भदोही जिले में जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कालीन बनाने में जूट का प्रयोग कैसे बढ़ाया जा सकता है, इस पर चर्चा की गई।

**********

पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट का वजन सौ ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें पचास किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा के लिये अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद फोगाट का वजन पचास किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था।**(बाईट संवाददाता)**

उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा है कि विनेश चैम्पियनों के चैम्पियन हैं, वह भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिये प्रेरणास्रोत हैं। फाइनल से बाहर निकलने के झटके से सभी को दुख पहुंचा है लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि विनेश फिर से वापसी करेंगी। पूरा देश उनके साथ है।

**********

प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों में काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ मनायी जायेगी। शताब्दी कार्यक्रम साल भर आयोजित किये जायेंगे, इसके तहत विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के बारे में बताया जायेगा। स्कूलों में भाषण, चित्रकला और वाद–विवाद जैसी प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। प्रफातफेरी निकाली जायेगी और अमृत सरोवरों के पास विद्यार्थी एक पौधा मां के नाम पर लगायेंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक परिषदीय स्कूल में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। इसी क्रम में कल से शताब्दी कार्यक्रमों का आयोजन शुरू होगा जो नौ अगस्त दो हजार पच्चीस तक चलेगा।

**********

यूपी में ग्रामीण क्षेत्रों को पिछले चार वर्षो से प्रतिदिन महज 16 घंटे बिजली दिये जाने के मामले में ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने नाराजगी जतायी है। मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिख कर इस मामले में बिजली कम्पनियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये है। साथ ही यह भी कहा है कि ऐसी व्यवस्था की जाय कि बिजली आपूर्ति से जुड़े मुआवजा कानून के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं को स्वतः मुआवजा मिले। आयोग से इस मामले में पन्द्रह दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। उपभोक्ता अधिकार कानून दो हजार बीस के तहत ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली सप्लाई करने की व्यवस्था दी गई है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इधर पूरी आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

**********

देवरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय में फूड प्वाइजनिंग के कारण बीमार पड़े साठ से अधिक बच्चों में से आठवीं क्लास के एक बच्चे की कल गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। इन बच्चों की तबीयत बीते रविवार को खराब हुई थी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम सदर इस मामले की जांच पूरी कर तीन दिन में रिपोर्ट देंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर मेस का संचालन करने वाली चौरीचौरा की फर्म के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मेस का ठेका निरस्त कर नया संचालक नियुक्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। उधर, निदेशक समाज कल्याण ने प्रधानाचार्य सूर्यकान्त राय को निलम्बित कर दिया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम पहले ही सैंपल ले चुकी है।

**********

अयोध्या के सावन मास का प्रसिद्ध मणिपर्वत मेला कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में दूर दूर से आ रहे श्रद्धालु, मणि भगवान का दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। इसी के साथ अयोध्या के सभी मंदिरों में भगवान का झूलनोत्सव भी प्रारंभ हो गया है। यह मेला आने वाले पखवारे भर तक चलेगा। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

(बाइट–पीटीसी अयोध्या)

***श्रावण शुक्ल तृतीया पर कल शाम अयोध्या के एतिहासिक मणिपर्वत स्थल से पखवारे भर चलने वाला सावन झुला मेला शुरू हो गया.... मणिपर्वत स्थल पर प्रमुख मंदिरों से सिया और राम के चल विग्रह और स्वरूप रथों पर सुशोभित होकर आये तो कनक भवन के कनक बिहारी जू कहांरों के कंधे पर सवार होकर पहुंचे... साथ चल रहे संत ,धर्माचार्य और भक्त वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते और धार्मिक जयघोष करते चल रहे थे... मेला स्थल पर वैदिक रीति से पूजन के बाद विग्रहों को विशालकाय वृक्षों पर पड़े झूलों पर सुशोभित कर दिया गया और फिर श्रद्धालुओं ने भगवान् के विग्रहों को झूला झुलाकर और मधुर उपासना के गीत से भक्तिमय वातावरण सृजित कर दिया....तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या***

**********

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। पहाड़ों में भी बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गयी हैं या पहुंचने वाली हैं। बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बीते तीस घंटों में गोरखपुर, महराजगंज, लखनऊ, कौशांबी, रायबरेली, पीलीभीत, सुल्तानपुर, अमरोहा और मुरादाबाद समेत अन्य जनपदों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। मुरादाबाद में बारिश के कारण रेलवे लाइन पर पानी भर गया। रेलवे प्रशासन की ओर से पम्प लगाकर ट्रैक से पानी निकाला गया।

**********